दिन–शुक्रवार	दिनांक– 16/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।	अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह अवसर उन युवाओं के साहस, नवाचार और उद्यमशीलता की भावना का जश्न मनाता है जिन्होंने वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्टार्टअप्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा है कि आज देश आकांक्षा और सृजन में विश्वास रखता है और युवा पीढ़ी वह सब कुछ बना रही है जिसकी कभी तलाश की जाती थी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल के हावड़ा और असम के कामाख्या को जोड़ने वाली देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई नई अमृत भारत ट्रेनों को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इन ट्रेनों से बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच यात्रियों का आवागमन संपर्क बेहतर होगा।

————————————————————

भाजपा ने पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उन्नीस जनवरी को नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। बीस जनवरी को नये अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। मौजूदा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। छियालीस वर्षीय नितिन नबीन भाजपा के इतिहास के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज पश्चिम चंपारण के बेतिया से शुरू हो गई है। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक

सौ बयासी करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। श्री कुमार ने कहा कि समृद्धि यात्रा का मकसद जिलों में चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करना है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। समृद्धि यात्रा का पहला चरण चौबीस जनवरी तक चलेगा। पहले चरण में मुख्यमंत्री पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का भी दौरा करेंगे। इधर, मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा में आंशिक संशोधन किया गया है। मुख्यमंत्री इक्कीस जनवरी को सीवान की जगह सारण और बाईस जनवरी को सारण की जगह सीवान की यात्रा करेंगे। इस संबंध में राज्य के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने अधिसूचना जारी की है।

————————————————————————

केंद्र सरकार आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम दो हजार छब्बीस पेश करेगी। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस कानून का उद्देश्य खराब गुणवत्ता वाले और नकली बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना है। इसका लक्ष्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना, जलवायु परिवर्तन के अनुकूल किस्मों को बढ़ावा देना है।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में धूप निकलने और सर्द पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से ठंड में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया। विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर विभिन्न बैंकों की ओर से सीतामढ़ी में अधिक मूल्य के नोटों को कम मूल्य के नोटों और सिक्कों में बदलने के लिए विशेष स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

————————————————————————

अररिया जिले के राजोखर में पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।